बोल पंछी राम राम, मीठी मीठी वाणी रे,बोल पंछी राम,

बोल पंछी राम, बोल पंछी राम, राधेश्याम सीताराम रे,

बोल पंछी राम राम, मीठी मीठी वाणी रे

साथ क्या लाया बन्दे, क्या ले जाएगा,

राम नाम लेगा तो ही, राम धन पाएगा,

सुबहो शाम बोल, सीताराम बोल, सुबहो शाम बोल,

सीताराम राधेश्याम रे, बोल पंछी राम राम, मीठी मीठी वाणी रे।

राम गुण गा ले बन्दे, पार हो जाएगा,

नहीं तो ये सारा जीवन, व्यर्था ही जाएगा,

मन की कुण्डी खोल, सीताराम बोल,

मन की कुण्डी खोल, सीताराम राधेश्याम रे,

बोल पंछी राम राम, मीठी मीठी वाणी रे।

जग का है प्राणी सब, झूठा ये खेला,

जपेगा नहीं जो प्रभु को, रहेगा अकेला,

मुख से तू बोल, सीताराम बोल, मुख से तू बोल,

सीताराम राधेश्याम रे, बोल पंछी राम राम, मीठी मीठी वाणी रे।

बोल पंछी राम राम, मीठी मीठी वाणी रे, बोल पंछी राम,

बोल पंछी राम, राधेश्याम सीताराम रे, बोल पंछी राम राम,

बोल पंछी राम, मीठी मीठी वाणी रे।